भोपाल, सीहोर, इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक
सच एक्सप्रेस

जनता की बुलंद आवाज़

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-14 || अंक- 11 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || रविवार 25 मई || 2025

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 उड़कर पहुंचेंगे जंगल के होम स्टे

पेज 3 सेना के सम्मान में निकाला तिरंगा यात्रा

पेज 5 गर्मी की दस्तक -कल के लिए आज का संकल्प

पेज 6 आरकेडीएफ विवि में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

पेज 7 राज्य प्रदेश अध्यक्ष और संजीव बने कोषाध्यक्ष

सराफा बाजार का आज का भाव

25 मई 2025, 01:20PM
डालर $ 85.15
GOLD LIVE - 96430
हालमार्क ज्वैलरी रेट
24 KT-99460 ब्रेड
23 KT-95300
22 KT-91600
20 KT-83600
18 KT-75600
14 KT-58100
Silver Live - 98050
चांदी हाजिर 999- 100410

AAG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)
सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल
Condition Apply

मध्यप्रदेश में कोरोना की वापसी

देशभर में अलर्ट जारी, बेंगलुरु में एक बुजुर्ग व ठाणे में 21 साल के युवा ने दम तोड़ा

सच प्रतिनिधि || भोपाल

मध्य प्रदेश में कोरोना की वापसी की वजह से फिर चिंता के बादल मंडराने लगे हैं। हाल ही में इंदौर में दो कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद से सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। इंदौर में स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को मास्क लगाने और भीड़ से बचने की सलाह दी है। बता दें कि एमपी के इंदौर जिले में कोरोना के दो नए केस सामने आए हैं। इसमें से एक पेशेंट की ट्रैवल हिस्ट्री केरल बताई जा रही है, जबकि दूसरा अहमदाबाद का रहवासी बताया जा रहा है। इंदौर जिला प्रशासन द्वारा दोनों को मरीजों की ट्रैवल व कॉन्टेक्ट हिस्ट्री खंगाली जा रही है। इसमें से एक मरीज के केरल जाने की पुष्टि हुई है। वहीं दूसरे की कॉन्टेक्ट हिस्ट्री का पता लगाया जा रहा है। इंदौर जिला अस्पताल में कोविड पॉजिटिव मरीजों का इलाज जारी है और एक मरीज स्थिति फिलहाल सामान्य बनी हुई है।इंदौर में इससे पहले भी एक कोरोना पॉजिटिव मिलने की पुष्टि हुई थी। इस मरीज की पिछले दिनों मौत हो गई थी पर स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मरीज की मौत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से हुई थी।

स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

शनिवार को इंदौर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बीएस सैत्या ने कहा, दो लोगों को कोविड-19 होने की पुष्टि हुई है। इसमें से एक इंदौर का रहने वाला है जो अपने होमटाउन केरला से लौटा था, वहीं दूसरा युवक गुजरात के अहमदाबाद का है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को ज्यादा भीड़ वाली जगहों से बचने और मास्क लगाने की सलाह दी है।

एक्टिव केसों की संख्या 363 पहुंची

देश में कोरोना के नए वैरिएंट से बीते 24 घंटे में 2 मरीजों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक- बेंगलुरु में कोरोना पीड़ित 84 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया है। इससे पहले ठाणे में 21 साल के युवक की मौत हुई थी। शनिवार को 23 नए कोरोना केस सामने आए। महाराष्ट्र के ठाणे में 8, राजस्थान-कर्नाटक में 5, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। कुल एक्टिव केसों की संख्या 363 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड के नए मामले केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से सामने आए हैं। हालांकि, ज्यादातर केस हल्के (माइल्ड) हैं और मरीज होम आइसोलेशन में ठीक हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में भी कोरोना की एंट्री

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी कोरोना का नया मामला सामने आया है। यहां लक्ष्मीनगर के एक रहवासी की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है और उसकी कॉन्टेक्ट हिस्ट्री खंगाली जा रही है।

अकेले महाराष्ट्र में ही 100 कोरोना पॉजिटिव होने का दावा

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि देश भर में कोरोना का नया वैरिएंट ओएन वन फैला है, जिसकी वजह से कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु और अब मध्य प्रदेश में भी कोरोना की वापसी हो गई है। दावा किया जा रहा है कि अकेले महाराष्ट्र में ही कोविड के 100 केस सामने आ गए हैं और गुजरात में 15 नए मरीज मिले हैं।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज भोपाल के वार्ड 34 के बूथ क्रमांक 95, छटरीपुरा मंदिर परिसर, जहांगीराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, पार्षद पप्पू चितास सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आपरेशन सिंदूर बदलते भारत की तस्वीर : मोदी

नई दिल्ली || एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो मन की बात के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का आज 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है।ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है।

सच-संक्षेप

अयोध्या पहुंचे विराट-अनुष्का हनुमान गढ़ी मंदिर में किए दर्शन

अयोध्या। टेस्ट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली इन दिनों भगवान के दर पर माथा टेकने पहुंच रहे हैं। उनकी जीवन संगिनी अनुष्का शर्मा भी उनके साथ ही दिखती हैं। रविवार को विराट अनुष्का के साथ अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां पूजा अर्चना की और भगवान के दर पर माथा टेका। पुजारी ने उन्हें फूल माला पहनाया और टीका लगाया। विराट इससे पहले वृंदावन भी पहुंचे थे और वहां संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम जाकर उनसे आशीर्वाद लिया था। कोहली फिलहाल आईपीएल में व्यस्त हैं और अपने आखिरी लीग राउंड के मैच के लिए लखनऊ में हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आरसीबी को 27 मई को मुकाबला खेलना है। इससे पहले विराट ने अनुष्का के साथ अयोध्या जाने का मन बनाया। हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना की।

प्रधानमंत्री मोदी या ईडी से नहीं डरती द्रमुक : उदयनिधि

चेन्नई। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि द्रमुक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं डरती है। पार्टी कानूनी तौर पर मामलों का सामना करेगी। उदयनिधि ने कहा कि द्रमुक सरकार राज्य के अधिकारों के लिए अपनी आवाज उठाती रहेगी और किसी भी धमकी से नहीं डरेगी। उन्होंने कहा कि कलैगनार (उनके दादा और पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि) द्वारा पोषित द्रमुक आत्मसम्मान वाली पार्टी है।

पांच करोड़ की नशीली दवाओं के साथ असम में तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में पांच करोड़ रुपये की नशील दवाओं के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मणिपुर से उत्तर प्रदेश जा रहे एक ट्रक को खटखटी इलाके में एक चेकपॉइंट पर रोका गया। जांच के दौरान उसमें सात पैकेटों में कुल 4.899 किलो मॉर्फीन बरामद की गई। इसकी तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव का एलान कर दिया है। उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख 19 जून तय की गई है। नतीजे 23 जून को आएंगे। भारतीय निर्वाचन आयोग ने गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव की तिथि घोषित कर दी है। सभी पांच सीटें इस्तीफे या निधन की वजह से खाली हो गईं थी। जिन सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें गुजरात की कादी और विसावदर विधानसभा सीट शामिल हैं। ऐसे ही केरल की नीलांबुर, पंजाब की लुधियाना और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। नामांकन का आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में लगी आग चपेट में आने से 2 की मौत, 4 झुलसे

नई दिल्ली || एजेंसी

देश की राजधानी दिल्ली के शाहदरा में ई-चार्जिंग स्टेशन में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग झुलस गए। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब 6.40 मिनट पर दमकल विभाग को शाहदरा के मोती राम रोड पर राम मंदिर के पास ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल की पांच गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। 400 वर्ग गज के टिन शेड के नीचे ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में भीषण आग लगी थी। आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार, दो जले हुए शव मिले है। चार लोगों का जीटीबी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। इस पहले भी पिछले सप्ताह भी शाहदरा इलाके के फर्श बाजार में ई रिक्शा चार्ज करने के दौरान आग लगी थी। इस दौरान एक महिला की मौत हो गई थी जबकि पांच लोग घायल हुए थे। उधर, दिल्ली के उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र में रविवार तड़के एक कपड़ा फैक्टरी में आग लग गई। अग्निशमन विभाग को घटना की सुबह करीब 5.25 बजे सूचना मिली। सूचना मिलते ही उद्योग नगर में एफ-11 पते पर कुल 10 दमकल गाड़ियां भेजी गईं। आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी गई।

कैदियों की अदला-बदली के बीच यूक्रेन पर रूस के मिसाइल हमले जारी

कीव । रूस-यूक्रेन के बीच जहां एक ओर कैदियों की अदला-बदली हो रही है। वहीं दूसरी ओर मॉस्को के लगातार कीव पर हमले जारी हैं। रूस ने रविवार रात को लगातार दूसरी बार यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। अफसरों ने बताया कि हमले में सात लोगों की मौत हो गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि रविवार सुबह तीन बजे तक राजधानी में 10 लोग घायल हो चुके हैं। वहीं यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि कीव क्षेत्र में ही चार लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए। इनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं।मेयर ने बताया कि होलोसिव्स्की जिले में एक छात्रावास पर ड्रोन से हमला किया गया और इमारत की एक दीवार में आग लग गई। जबकि द्निप्रोव्स्की जिले में एक निजी घर नष्ट हो गया और शेवचेनकिव्स्की जिले में एक आवासीय इमारत की खिड़कियां तोड़ दी गईं।

इंदौर में फ्लैट से बेच रहा था हरियाणा से लाई शराब

21 पेटी बीयर, दो पेटी रेड लेबल व्हिस्की जब्त

सच संवाददाता || इंदौर

इंदौर में आबकारी विभाग की टीम ने 21 पेटी बीयर और 2 पेटी रेड लेवल विस्की बरामद की है। हरियाणा से लाई गई यह शराब इंदौर में एक फ्लैट से बेची जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आबकारी की टीम ने फ्लैट पर दबिश दी, तो आरोपी नीतेश वहीं मिला। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 3 लाख रुपए है। मामले में नीतेश के दो साथियों की तलाश की जा रही है। वहीं उसका पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी नीतेश पिता मुकेश फ्लैट से शराब की सप्लाई कर रहा था। टीम ने आरोपी को पकड़ते हुए फ्लैट की सर्चिंग की, तो बीयर की बोतलें और केन मिलीं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक ऑटो में भी कुछ माल छिपाकर रखा गया है। टीम ने ऑटो और फ्लैट से 21 पेटी बीयर, 2 पेटी रेड लेवल विस्की बरामद कर ली। जानकारी मिली है कि नीतेश पहले भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल था।

केरल तट के पास लाइबेरियाई जहाज झुका समुद्र में फैला ईंधन

तिरुवनंतपुरम। केरल तट से करीब 38 नॉटिकल मील दूर समुद्र में समुद्री ईंधन लेकर जा रहा लाइबेरिया का एक कंटेनर जहाज एक तरफ झुक गया। जहाज में भरा ईंधन समुद्र में फैल गया। इसे लेकर केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि समुद्र तट पर बह कर आए कंटेनर या तेल न छूएं। क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल राहत व बचाव कार्य में लगा है। बताया जा रहा है कि रात आठ बजे तक तटरक्षक बल ने चालक दल के 21 सदस्यों को बचा लिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एमएससी एल्सा 3 नामक 184 मीटर लंबा यह जहाज विझिनजम बंदरगाह से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। जहाज के मालिकाना हक वाली कंपनी ने 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे भारतीय अधिकारियों को सूचित किया कि जहाज 26 डिग्री तक झुक गया है।

हालात || गुलमर्ग फिर गुलजार, होटल कारोबार ने पकड़ी रफ्तार, पर्यटक बायसरन बंद होने से निराश

सीजफायर के बाद घाटी में लौटने लगी बहार

गुलमर्ग || एजेंसी

पहलगाम हमले के बाद ठिठके पर्यटक पाकिस्तान की गोलाबारी के बाद कश्मीर में बढ़ गए थे। सीजफायर के बाद हालात सामान्य हुए तो घाटी में पर्यटक भी बढ़े हैं। पहलगाम पहुंच रहे पर्यटक बायसरन बंद होने से निराश हैं। ऐसे में पर्यटकों की संख्या गुलमर्ग में बढ़ रही है। तंडे मौसम और बेहद खूबसूरती के कारण कश्मीर पर्यटकों में बेहद लोकप्रिय है। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। अधिकतर स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में पर्यटक कश्मीर की ओर रुख कर रहे हैं। पहलगाम हमले से पर्यटक ठिठके तो हैं, लेकिन वह अब भी कश्मीर को पसंद करते हैं। इसीलिए वह घाटी के अन्य स्थलों की ओर रुख कर रहे हैं। शनिवार को गुलमर्ग में काफी पर्यटक थे। यह पर्यटक दिल्ली, महाराष्ट्र, पंजाब और चंडीगढ़ सहित कई राज्यों से आए थे। पुणे के राजन कुमार ने बताया कि पहले पहलगाम, श्रीनगर और गुलमर्ग का प्लान था। बायसरन बंद होने के कारण वहां नहीं गए। श्रीनगर होकर गुलमर्ग आए हैं। गुलमर्ग के टूर ऑपरेटर्स और होटल कारोबारियों के मुताबिक, तीन दिन से होटलों में बुकिंग तेजी से बढ़ी है। उम्मीद है कि गर्मी की छुट्टियां बिताने और यहां की खूबसूरती और मौसम का लुत्फ उठाने पर्यटक जरूर आएंगे।

गुरुद्वारों में भी पहुंचने लगे श्रद्धालु

जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रंजीत सिंह टोरा ने बताया कि तनाव के समय श्रद्धालुओं का आना पूरी तरह रुक गया था। अब धीरे-धीरे 200-250 श्रद्धालु हर गुरुद्वारे में आ रहे हैं, लेकिन पहले जैसी रौनक अभी नहीं है।

गंडोला राइड के लिए टिकटों की बिक्री में तेजी से वृद्धि

वहीं, प्रसिद्ध गुलमर्ग गंडोला राइड के लिए टिकटों की बिक्री में भी तेजी से वृद्धि हुई है। एक स्थानीय होटल मैनेजर ने बताया, पहलगाम की घटना के बाद पर्यटकों को घाटी में लौटते देखकर मैं बहुत खुश हूं। हम सभी आगंतुकों का स्वागत करते हैं और उनकी सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सार्वजनिक सुरक्षा को और अधिक सुनिश्चित करने के लिए, नखल-गुलमर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा उपायों को और बढ़ा दिया गया है। मार्ग की निगरानी और यात्रियों को आश्वस्त करने के लिए संयुक्त सुरक्षा एजेंसियों ने कई सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं।